भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1217
30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: राष्ट्रीय मक्का मिशन

1217. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय मक्का मिशन शुरू करने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) देश में विशेषकर बिहार राज्य में मक्का उत्पादन में सुधार लाने के लिए अन्य कौन-कौन सी पहल की गई हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (घ): मक्का का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2014-15 से बिहार और 2 संघ राज्य क्षेत्रों सहित 26 राज्यों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) के मोटे अनाज घटक के तहत मक्का विकास कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। इसके अलावा राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय संस्वीकृति समिति (एसएलएससी) के अनुमोदन से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना- कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए लाभकारी दृष्टिकोण (आरकेवीवाई-रफ़्तार) के तहत राज्य मक्का विकास कार्यक्रम में सहायता कर सकते हैं।

इसके अलावा मक्का का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए एनएफएसएम के तहत आईसीएआर-भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), लुधियाना में तीन परियोजनाओं और अंतर्राष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र (सीआईएमएमवाईटी) की एक परियोजना को अनुमोदन दिया गया है।

सरकार किसानों को मक्का की खेती के लिए प्रोत्साहित करने और उनके लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने हेतु पिछले कुछ वर्षों से मक्का के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि कर रही है। वर्ष 2024-25 के दौरान मक्का का एमएसपी बढ़ाकर प्रति क्विंटल 2225/- रुपये कर दिया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 % अधिक है।

बिहार राज्य सरकार वर्ष 2024 के दौरान 70,000 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार करते हुए खरीफ मक्का को बढ़ावा देने के लिए एक योजना कार्यान्वित कर रही है।

*****